**भारत सरकार**

**कोयला मंत्रालय**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 2313**

**जिसका उत्तर 16 दिसंबर, 2024 को दिया जाना है**

**सौर ऊर्जा परियोजनाओं में निवेश और उनके लिए समय-सीमा**

**2313. श्री मल्लिकार्जुन खरगे:**

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) और अन्य कोयला कंपनियों द्वारा अब तक सौर ऊर्जा परियोजनाओं पर कुल कितनी धनराशि व्यय की गई है और तत्संबंधी परियोजना-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) सीआईएल द्वारा 56.50 बिलियन रूपये के निवेश के साथ नियोजित की गई 14 सौर ऊर्जा परियोजनाओं की वर्तमान लागत और समय-सीमा क्या है;

(ग) क्या वर्ष 2025-26 तक 3000 मेगावाट सौर विद्युत क्षमता प्राप्त करने के निर्धारित लक्ष्य की ओर सही दिशा में अग्रसर हैं; और

(घ) इन सौर परियोजनाओं का समय पर निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**कोयला एवं खान मंत्री**

**(श्री जी. किशन रेड्डी)**

**(क) :** कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल), सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) और एनएलसी इंडिया लिमिटेड (एनएलसीआईएल) द्वारा सौर विद्युत परियोजनाओं पर परियोजना-वार खर्च की गई राशि अनुबंध में दी गई है।

इसके अलावा, पीएम सूर्यघर योजना के तहत, सभी कोयला पीएसयू ने दिसंबर, 2025 तक अपने सभी सरकारी भवनों पर रूफटॉप सोलर की संस्थापना को पूरा करने का लक्ष्य रखा है, जिस पर सीआईएल, एससीसीएल और एनएलसीआईएल ने पहले ही क्रमशः 101.64 करोड़ रुपये, 0.95 करोड़ रुपये और 6.71 करोड़ रुपये का व्यय किया है।

**(ख) :** 14 प्रमुख सौर परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति और समय-सीमा निम्नानुसार है:

| क्र.सं. | सहायक कंपनी | अवस्थिति | क्षमता (मेगावाट) | परियोजना की स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | एमसीएल | पटनागढ़, जिला बलांगीर | 50 | फरवरी 2025 तक पूरा किया जाना |
| 2 | एनसीएल | निगाही | 50 | चालू किया गया |
| 3 | सीसीएल | पिपरवार | 20 | चालू किया गया |
| 4 | बीसीसीएल | दुग्धा वॉशरी | 20 | मार्च 2025 तक पूरा किया जाना |
| 5 | ईसीएल | कुनुस्टोरिया एवं सतग्राम क्षेत्र | 35 | मार्च 2025 तक पूरा किया जाना |
| 6 | सीआईएल | पाटन, गुजरात | 100 | मार्च 2026 तक पूरा किया जाना। |
| 7 | एसईसीएल | भटगांव क्षेत्र | 20 | चालू किया गया |
| 8 | बीसीसीएल | भोजुडीह वॉशरी | 25 | मार्च 2025 तक पूरा किया जाना |
| 9 | एसईसीएल | शिवनंदनपुर, बिश्रामपुर क्षेत्र | 12 | जनवरी 2025 तक पूरा किया जाना |
| 10 | डब्ल्यूसीएल | जमुनिया, पेंच क्षेत्र | 15 | मार्च 2025 तक पूरा किया जाना |
| 11 | एसईसीएल | गोरखपुर, विश्रामपुर क्षेत्र | 8 | चालू किया गया |
| 12 | सीसीएल | गिरीडीह | 4 | चालू किया गया |
| 13 | सीआईएल | खवड़ा, गुजरात | 300 | मार्च 2026 तक पूरा किया जाना |
| 14 | एमसीएल | आनंद विहार, एमसीएल मुख्यालय, बुर्ला | 2 | चालू किया गया |

**(ग) :** सीआईएल की वर्ष 2027-28 तक 3000 मेगावाट सौर परियोजना क्षमता की प्राप्ति करने की योजना है। सौर परियोजना क्षमता बढ़ाने के लिए वर्ष-वार कार्यक्रम निम्नानुसार है:

| **वर्ष** | **मार्च'24 तक संस्थापित क्षमता** | **वित्त वर्ष 2024-25** | **वित्तीय वर्ष 2025-26** | **वित्तीय वर्ष 2026-27** | **वित्तीय वर्ष 2027-28** | **कुल** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्षमता (मेगावाट में) | 82.97 | 211.59 | 697.85 | 1235 | 785 | 3012.41 |

**(घ) :** सौर परियोजनाओं का समय पर निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए सीआईएल ने निम्नलिखित उपाय किए हैं -

- दिन-प्रतिदिन के आधार पर परियोजना गतिविधियों की प्रभावी निगरानी और पर्यवेक्षण के लिए सौर परियोजना स्थल पर सीआईएल इंजीनियरों की तैनाती।
- परियोजना गतिविधियों की निगरानी और निरीक्षण के लिए पीएमसी सह मालिक के इंजीनियरों की नियुक्ति।
- सीआईएल की सहायक कंपनियों में सौर परियोजनाओं के प्रभावी और समान कार्यान्वयन के लिए सीएमपीडीआईएल को पीएमसी कार्य केंद्रीकृत करना।
- अनुमोदनों/स्वीकृतियों में तेजी लाने के लिए विभिन्न सांविधिक प्राधिकरणों के साथ समन्वय करना।

**अनुबंध**

सीआईएल, एससीसीएल और एनएलसीआईएल द्वारा सौर विद्युत परियोजनाओं पर व्यय की गई राशि का परियोजना-वार ब्यौरा नीचे दिया गया है

**क. ग्राउंड माउंटेड सौर परियोजनाएं –**

| **कोल इंडिया लिमिटेड** | | | |
|---|---|---|---|
| क्र.सं. | परियोजनाओं का विवरण | क्षमता (मेगावाट में) | खर्च की गई राशि (करोड़ रुपए में) |
| 1 | आनंद विहार, बुर्ला, एमसीएल | 2.00 | 13.34 |
| 2 | निगाही, एनसीएल | 50 .00 | 211.00 |
| 3 | पिपरवार, सीसीएल | 20.00 | 135.00 |
| 4 | गिरिडीह, सीसीएल | 04.00 | 24.00 |
| 5 | भटगांव क्षेत्र, एसईसीएल | 20.00 | 71.00 |
| 6 | गोरखनाथपुर, बिश्रामपुर क्षेत्र, एसईसीएल | 8.00 | 28.00 |
| 7 | पटनागढ़, जिला बलांगीर | 50.00 | 261.419 |
| 8 | भोजूडीह वॉशरी, बीसीसीएल | 25.00 | 68.00 |
| 9 | दुग्धा वॉशरी, बीसीसीएल | 20.00 | 113.00 |
| 10 | कुनुस्तोरिया और सतग्राम क्षेत्र, ईसीएल | 35.00 | 105.91 |
| 11 | शिवनंदनपुर, बिश्रामपुर क्षेत्र, एसईसीएल | 12.00 | 36.00 |
| 12 | जमुनिया, पेंच क्षेत्र | 15.00 | 35.70 |
| 13 | खवड़ा, गुजरात | 300.00 | 21.74 |
| 14 | पाटन, गुजरात | 100.00 | 84.98 |
| | कुल | 661.00 | 1209.089 |
| **सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड** | | | |
| 1 | एसटीपीपी, पेगडापल्ली गांव, जयपुर मंडल, मंचेरियल जिला, तेलंगाना | 10 मेगावाट | 36.87 |
| 2 | मनुगुर, भद्राद्री-कोठागुडेम जिला, | 30 मेगावाट | 110.60 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | तेलंगाना | | |
| 3 | येल्लंडु, भद्राद्री-कोठागुडेम जिला, तेलंगाना | 39 मेगावाट | 143.79 |
| 4 | आरजी 3 क्षेत्र, मुल्कलापल्ली गांव, कमनपुर मंडल, पेडापल्ली जिला, तेलंगाना | 50 मेगावाट | 184.34 |
| 5 | कासीपेट, मंदमारी मंडल, मंचेरियल जिला, तेलंगाना राज्य | 15 मेगावाट | 61.90 |
| 6 | भूपालपल्ली, भूपालपल्ली जिला, तेलंगाना राज्य | 10 मेगावाट | 41.27 |
| 7 | मंदामारी, मंदामारी मंडल, मंचेरियल जिला, तेलंगाना राज्य | 28 मेगावाट | 115.55 |
| 8 | कोठागुडेम, भद्राद्री-कोठागुडेम जिला, तेलंगाना राज्य | 37 मेगावाट | 152.69 |
| 9 | एसटीपीपी, पेगडापल्ली गांव, जयपुर मंडल, मंचेरियल जिला, तेलंगाना | 5 मेगावाट | 25.35 |
| 10 | एसटीपीपी, पेगडापल्ली गांव, जयपुर मंडल, मंचेरियल जिला, तेलंगाना | 10 मेगावाट | 4.00 |
| 11 | कोठागुडेम, भद्राद्री-कोठागुडेम जिला, तेलंगाना | 10.5 मेगावाट | 61.65 |
| 12 | चेन्नूर, मंचेरियल जिला, तेलंगाना | 11 मेगावाट | 64.59 |
| 13 | आरजी 3 क्षेत्र, रामगिरी मंडल, पेडापल्ली जिला, तेलंगाना | 22 मेगावाट | 100.00 |
| 14 | कोठागुडेम, भद्राद्री-कोठागुडेम जिला, तेलंगाना | 22.5 मेगावाट | 40.00 |
| 15 | मंदामारी, मंचेरियल जिला, तेलंगाना राज्य | 67.5 मेगावाट | 40.00 |
| | कुल | 367.50 | 1182.60 |
| **एनएलसी इंडिया लिमिटेड** | | | |
| 1 | नेयवेली | 10.00 | 73.84 |
| 2 | नेयवेली | 130.00 | 754.68 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3 | दक्षिण तमिलनाडु | 500.00 | 2,209.12 |
| 4 | दक्षिण तमिलनाडु | 709.00 | 2,927.62 |
| 5 | अंडमान | 20.00 | 125.66 |
| 6 | नेयवेली | 10.00 | 43.51 |
| 7 | पैन इंडिया एसपीपी, गुजरात | 100.00 | 2.13 |
| 8 | सीपीएसयू (आईआरईडीए) सौर, राजस्थान | 300.00 | 403.48 |
| 9 | सीपीएसयू (आईआरईडीए) सौर, गुजरात | 200.00 | 6.38 |
| 10 | खनित क्षेत्र, नेयवेली | 50.00 | 107.33 |
| 11 | खवड़ा, गुजरात | 600.00 | 69.84 |
| | कुल | 2629.00 | 6723.59 |